स्मार्ट स्प्रिचुअल हिल टाउन का रूप लेगा बदरीनाथ

चर्चा में क्यों?

4 अप्रैल, 2023 को उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सपताल महाराज ने बताया कि राज्य के बदरीनाथ धाम को स्मार्ट स्प्रिचुअल हिल टाउन (आध्यात्मिक पर्वतीय शहर) के रूप में विकसित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- बदरीनाथ धाम को स्मार्ट स्प्रिचुअल हिल टाउन (आध्यात्मिक पर्वतीय शहर) के रूप में विकसित करने के लिये पहले चरण में 425 करोड़ रुपए की लागत से बदरीनाथ मास्टर प्लान पर काम शुरू हो गया है।
- विदित है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्य से केदारपुरी भव्य व दिव्य स्वरूप में विकसित हुई है। 21 फरवरी से अब तक चारधाम यात्रा में केदारनाथ के लिये 3,49,944, बदरीनाथ के लिये 2,91,537, यमुनोत्री के लिये 1,61,149 और गंगोत्री धाम के लिये 1,66,310 यात्री पंजीकरण करा चुके हैं।
- पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रदेश में हवाई सेवाओं का भी विस्तार किया जा रहा है। चार धाम ऑल वेदर रोड और ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर काम जोरों पर चल रहा है। गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तथा सोनप्रयाग-केदारनाथ रोपवे को तीन वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।
- राज्य सरकार ने खरसाली से यमुनोत्री तक 166 करोड़ रुपए से भी अधिक की धनराशि से बनने वाले रोपवे परियोजना को मंजूरी दी है।
- उल्लेखनीय है कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये सरकार ने शाक्त, शैव, वैष्णव, गोलज्यू, गुरुद्वारा, हनुमान, नाग देवता, स्वामी विवेकानंद, महासू देवता, नरसिंह देवता, और नवग्रह देवता सर्किट का निर्माण किया है। चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालु इन सर्किट के दर्शन कर सकते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/badrinath-will-take-the-form-of-smart-spiritual-hill-town